एक नजर में

## किफायती फूड ऐप 'टोइंग' अब इंदौर में उपलब्ध

**इंदौर**. किफायती फूड डिलीवरी ऐप टोइंग ने इंदौर मेंअपने लॉन्च की घोषणा की. पिछले 7+ महीनों में, टोइंग ने अपने नेटवर्क काविस्तार करते हुए भारत के 24 शहरों में अपनी मौजूदगी दर्ज की है और यह अपनेऐप पर खाने-पीने की सभी चीजों पर सबसे कम कीमत की गारंटी देता है, जोरेस्टोरेंट के टेबल मेन्यू की कीमत के बराबर या उससे कम होती है. इसकेअलावा, टोइंग पर किए गए किसी भी ऑर्डर पर न तो पैकेजिंग चार्ज लिया जाताहै और न ही कोईप्लेटफॉर्म फीस. इस विस्तार पर बोलते हुए, टोइंग के चीफ बिजनेस ऑफिसर सिद्धार्थ भाकूने कहा टोइंग फूड डिलीवरी के क्षेत्र में एक नई श्रेणी बना रहा है और इसका लक्ष्य जेन जी, कॉलेज जाने वाले और किफायत को महत्व देने वाले ग्राहक हैं. पिछले कुछ महीनों में हमने टोइंग, किफायती फूड डिलीवरी ऐप, को गुवाहाटी, नासिक, नागपुर, अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली एनसीआर जैसे प्रमुख शहरों औरशैक्षणिक केंद्रों में लॉन्च किया हैं. इंदौर में जेन जी और कॉलेज छात्रों की बड़ी संख्या है, इसलिए यह टोइंग के लिए एक आदर्श बाजार है.

## व्यवस्थित नीतिगत पहल के तहत पीएनजी विस्तार में तेज़ी

**इंदौर**. भारत सरकार ने स्वच्छ ऊर्जा तक पहुँच को मज़बूत करने और पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से, एक समन्वित नीतिगत ढाँचे के तहत पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) के विस्तार में तेज़ी लाने का काम शुरू किया है. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने यह जानकारी दी है. तेज़ी से हो रहे इस विस्तार के तहत, मार्च 2026 के बाद से लगभग 4.40 लाख पीएनजी कनेक्शन चालू किए जा चुके हैं, जबकि 4.88 लाख अतिरिक्त उपभोक्ताओं ने नए पीएनजी कनेक्शन के लिए रजिस्टर किया है. इन आँकड़ों से साफ है कि नीतिगत विस्तार के चलते पीएनजी के अडॉप्शन में ज़बरदस्त तेज़ी आई है. सरकार की पीएनजी विस्तार रणनीति के तहत ये प्रयास किए जा रहे हैं. इसमें 'प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पाद वितरण आदेश, 2026' की अधिसूचना भी शामिल है, जो तय समय-सीमा के भीतर 'शहरी गैस वितरण' इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास और अधिकृत भौगोलिक क्षेत्रों में इसके कार्यान्वयन को संभव बनाती है. घरों तक पीएनजी की पहुँच को और अधिक तेज़ी से बढ़ाने के लिए, सरकार ने 'राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0' को 30 जून 2026 तक आगे बढ़ा दिया है.

## अमेज़न फैशन ने एआई आधारित ज्वेलरी विकल्प पेश किए

**इंदौर**. अक्षय तृतीया भारत में ज्वेलरी खरीदारी के सबसे महत्वपूर्ण अवसरों में से एक बना हुआ है, जो सोने और चांदी की परंपरागत आकर्षण से जुड़ा है. इस वर्ष, अमेज़न फैशन ग्राहकों की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए पारंपरिक निवेश जैसे गोल्ड कॉइन्स से लेकर रोज़ाना पहनने वाली फाइन ज्वेलरी तक का व्यापक विकल्प पेश कर रहा है. टेक्नोलॉजी आधारित नवाचार, एआई-पावर्ड डिस्कवरी टूल्स और जॉयलुक्कास पीसी चंद्रा ज्वेलर्स, मिया बाय तनिष्क, गिवा और पीएनजी ज्वेलर्स जैसे भरोसेमंद ब्रांड्स के साथ, अमेज़न फैशन ग्राहकों के लिए ऐसी ज्वेलरी ढूंढना और खरीदना आसान बना रहा है जो परंपरा और आधुनिक फैशन ट्रेंड्स दोनों को दर्शाती है. अक्षय तृतीया पर ज्वेलरी खरीदारी को आसान बनाने के लिए, अमेज़न फैशन एआई-पावर्ड डिस्कवरी टूल्स प्रदान करता है, जिससे ग्राहक कुछ ही सेकंड में अपनी पसंद का कार्ट तैयार कर सकते हैं। रुफस के साथ, अमेज़न का एआई शॉपिंग असिस्टेंट, सरल बातचीत के जरिए पर्सनलाइज्ड सुझाव देता है.

## कॉग्निज़ेंट ने टेक्नोवर्स हैकाथॉन 2026 लॉन्च किया

**इंदौर**. कॉग्निज़ेंट ने आज कॉग्निज़ेंट0 टेक्नोवर्स हैकाथॉन 2026 के लॉन्च की घोषणा की। अपने तीसरे संस्करण में प्रवेश कर चुका यह हैकाथॉन एक क्षेत्रीय पहल से बढ़कर राष्ट्रीय मंच बन गया है, जो पूरे भारत के 400 से अधिक कॉलेजों के 20,000 से अधिक प्री-फाइनल वर्ष के इंजीनियरिंग छात्रों को एक साथ लाता है, ताकि वे सहयोग कर सकें, नवाचार कर सकें और अपनी एआई-आधारित समस्या-समाधान क्षमताओं का प्रदर्शन कर सकें. कॉग्निज़ेंट इंडिया के प्रेसिडेंट ग्लोबल ऑपरेशंस और चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश वरियर ने कहा हम उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ पर जी रहे हैं, और एक एआई निर्माता के रूप में, कॉग्निज़ेंट इस परिवर्तन को आगे बढ़ाने वाली अगली पीढ़ी की प्रतिभाओं के विकास के लिए गहराई से प्रतिबद्ध है. कॉग्निज़ेंट टेक्नोवर्स हैकाथॉन 2026 एक ऐसा मंच है जहाँ भारत के सबसे प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग दिमाग वास्तविक उद्योग चुनौतियों का समाधान करते हैं, एंटरप्राइज स्तर पर सोचते हैं, और भविष्य के तकनीकी नेताओं बनने की दिशा में अपने पहले कदम बढ़ाते हैं.

## चिकित्सकों को दी जीवन पद्धति व सेवा की सीख

**इंदौर**। भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित सौजन्य भेंट



कार्यक्रम में भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. कार्यक्रम में डॉ. हर्ष वर्धन ने अपने संबोधन में अपने अनुभव साझा करते हुए कोविड-19 महामारी के दौरान पूरे देश को एक सूत्र में पिरोकर प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के प्रयासों का उल्लेख किया. उन्होंने चिकित्सकों से सेवा भाव, अनुशासन और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया. कार्यक्रम की शुरुआत चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रांतीय संयोजक डॉ. रवि वर्मा एवं वर्तमान सह संयोजक डॉ. अपूर्व श्रीवास्तव द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ हुई. इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए, जिनमें डॉ. अनिल गर्ग, डॉ. प्रमोद नीमा, डॉ. आर.एन. मिश्रा, डॉ. अविनाश पटवारी, डॉ. राकेश शिवहरे, डॉ. अशोक ठाकुर, डॉ. गोपाल गोयल एवं वरिष्ठतम साथी डॉ. महेश गुप्ता प्रमुख रूप से शामिल रहे.

## फ्लिपकार्ट अब ऊबर की हर राईड पर देगा सुपरकॉईन

**इंदौर**. भारत के होमग्रोन ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट ने भारत के प्रमुख मोबिलिटी प्लेटफॉर्म्स में से एक, ऊबर के साथ साझेदारी की है, जिसके अंतर्गत ऊबर की हर राईड पर फ्लिपकार्ट यूज़र्स सुपरकॉईन प्राप्त कर सकेंगे। अपने फ्लिपकार्ट और ऊबर खातों को लिंक करके यूज़र्स हर राईड के लिए अपने किराए पर 4 प्रतिशत तक सुपरकॉईन प्राप्त कर सकेंगे। हर ट्रिप के लिए अधिकतम 150 सुपरकॉईन मिलेंगे, तथा कुल कितने सुपरकॉईन हासिल किए जा सकते हैं, इसकी कोई सीमा नहीं होगी. गौरव अरोड़ा, वाईस प्रेसिडेंट, पेमेंट्स एंड सुपरकॉईन्स, फ्लिपकार्ट ने कहा ऊबर के साथ इस साझेदारी द्वारा हम ग्राहकों के दैनिक लेन-देन को ज्यादा सुगमता से इंटीग्रेट कर सकेंगे. आगे चलकर हम सुपरकॉईन को अन्य श्रेणियों तक ले जाएंगे, ताकि पूरे परिवेश में ज्यादा गहराई तक इसकी प्रतिभागिता सुनिश्चित हो सके. ऊबर इंडिया और साउथ एशिया के डायरेक्टर, बिज़नेस डेवलपमेंट, अर्णब कुमार ने कहा फ्लिपकार्ट के साथ हमारी साझेदारी द्वारा राईडर्स को सरल और इन्ट्यूटिव तरीके से ज्यादा फायदे प्राप्त होंगे, जो हमारे यूज़र्स को विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर दैनिक सेवाएं प्राप्त करना आसान बना देंगे.

## पिरामल फाइनेंस लिमिटेड का मध्य प्रदेश में विस्तार

**इंदौर**. एनबीएफसी कंपनी पिरामल फाइनेंस लिमिटेड ने अपनी प्रगति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, कुल एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में 1 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने की घोषणा की है. यह उपलब्धि भारत के क्षेत्रीय और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, खासकर मध्य प्रदेश में, कंपनी की मजबूत वृद्धि और अच्छे प्रदर्शन को दर्शाती है. मध्य प्रदेश पिरामल फाइनेंस के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन जैसे प्रमुख शहरों में कंपनी की 26 शाखाएं हैं. जहां कंपनी ने मजबूत लोन व्यवसाय खड़ा किया है. मध्य प्रदेश में होम लोन और बिजनेस लोन की मांग लगातार बढ़ रही है, जो उभरते शहरों और कस्बों के विकास के कारण बढ़ रही है. जयराम श्रीधरन, एमडी और सीईओ, पिरामल फाइनेंस लिमिटेड ने कहा 1 लाख करोड़ रुपये का एयूएम पार करना हमारे ग्राहकों के विश्वास को दिखाता है. मध्य प्रदेश हमारे लिए अभी भी एक महत्वपूर्ण बाजार है, क्योंकि मेट्रो शहरों के अलावा अन्य शहरों में भी लोन की मांग बढ़ रही है.

## न्युवोको विस्टास ने वित्तीय नतीजे घोषित किए

**इंदौर**. न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, जो भारत में बिल्डिंग मटीरियल की एक अग्रणी कंपनी है, ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए अपने वित्तीय नतीजे घोषित किए. कंपनी की सीमेंट बिक्री वित्तवर्ष 26 में 20.4 एमएमटी रही, जिसमें पिछले साल के मुकाबले 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है. कंसोलिडेटेड आय वित्तवर्ष 26 में वर्ष दर वर्ष 10 प्रतिशत बढ़कर 11,362 करोड़ रुपए हो गई. इसके अलावा कंपनी ने वित्तवर्ष 26 में कंपनी ने 1,881 करोड़ रुपए का एबिटिडा दर्ज किया, जो पिछले साल के मुकाबले 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाता है. कंपनी के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए जयकुमार कृष्णास्वामी, मैनेजिंग डायरेक्टर, न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कहा कि वित्तवर्ष 26 न्युवोको के लिए एक निर्णायक साल है, जिसकी खासियत है बढ़ता वॉल्यूम, बढ़ती आय और लाभ में बढ़ोतरी. कंपनी ने एबिटिडा और पीएटी दोनों में ठोस ग्रोथ हासिल की है। यह इस बात को दिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद, कंपनी ने प्रीमियम उत्पादों पर जोर देने, व्यापार चैनलों को मजबूत करने और लागत को कम करने पर केंद्रित अपनी मुख्य रणनीतियों को कितनी मजबूती से लागू किया है.

# इंदौर की तन्वी 12वीं में बनी स्टेट टॉपर, अथर्व ने हासिल की 7वीं रैंक



▶ 10वीं में कृष्णा ने बनाई 9वीं रैंक

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर के होनहार विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है. कड़ी मेहनत, सही रणनीति और परिवार व शिक्षकों के सहयोग से छात्रों ने प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शहर को गौरवान्वित किया है. 12वीं कक्षा में तन्वी कुमावत ने बायो में पहली रैंक हासिल की है और अथर्व देशमुख ने मैथ्य विषय में 7वीं रैंक बनाई है. वहीं कृष्णा खाजेकर ने दसवी कक्षा में प्रदेश में नवीं रैंक हासिल की है.

### निरंतर मेहनत बनी सफलता की कुंजी

तन्वी कुमावत ने 500 में से 492 अंक प्राप्त कर मध्य प्रदेश में पहली रैंक हासिल की. वे बताती हैं कि उन्हें इतनी बड़ी उम्मीद नहीं थी, लेकिन मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह संभव हो पाया. उन्होंने अपनी तैयारी में एनसीईआरटी की किताबों को प्राथमिकता दी और फिजिक्स में कॉन्सेप्ट्स को मजबूत किया. तन्वी का सपना डॉक्टर बनना है, जिसके लिए वे आगे भी मेहनत जारी रखेंगी. उनकी मां ने बेटी की सफलता पर गर्व जताया, वहीं स्कूल की प्रिंसिपल अश्विनी शाजापुरकर ने बताया कि तन्वी को शुरू से ही शिक्षकों का पूरा सहयोग मिला है, जिससे उसकी नींव मजबूत बनी.



### 12 घंटे पढ़ाई और संतुलन से मिली कामयाबी

अथर्व देशमुख ने 500 में से 486 अंक लाकर मध्य प्रदेश में 12वीं कक्षा के मैथ्य विषय में सातवीं रैंक हासिल की. अथर्व ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित पढ़ाई और अनुशासन को दिया. वे रोजाना 10 से 12 घंटे पढ़ाई करते हैं और फिजिक्स व मैथ्स में विशेष रुचि रखते हैं, हालांकि सभी विषयों को बराबर समय देते हैं. पढ़ाई के दौरान परिवार का सहयोग उनके लिए सबसे बड़ी ताकत रहा. उनकी मां खासतौर पर उनके शेड्यूल का ध्यान रखती हैं ताकि पढ़ाई में निरंतरता बनी रहे. थकान होने पर अथर्व क्रिकेट खेलकर खुद को तरोताजा करते हैं. उनके पसंदीदा खिलाड़ी विराट कोहली हैं. भविष्य को लेकर उनका लक्ष्य स्पष्ट है- वे आईआईटी में प्रवेश लेकर कंप्यूटर इंजीनियर बनना चाहते हैं और आगे चलकर गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए काम करना चाहते हैं. खास बात यह है कि अथर्व के जुड़वां भाई शुभांग ने भी शानदार 93त्न अंक हासिल किए हैं.



### सोशल मीडिया से दूरी और लक्ष्य बना सफलता का आधार



कृष्णा खाजेकर ने 500 में से 491 अंक प्राप्त कर दसवीं में मध्य प्रदेश में नवी रैंक और इंदौर में पहली रैंक हासिल किया. उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय एकाग्रता और अनुशासन को दिया. उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित किया. हालांकि पढ़ाई के लिए इसका सीमित उपयोग किया, लेकिन खुद को उससे विचलित नहीं होने दिया. उनकी पढ़ाई की रणनीति बेहद सरल थी- हर दिन एक चैप्टर पूरा करना और लक्ष्य हासिल होने तक लगातार मेहनत करना. भविष्य में वे 11वीं में गणित विषय चुनना चाहती हैं और उनका सपना इसरो में रूचि है और आई ए एस बनना चाहतीं है.

## सीबीएसई कक्षा 10 के परिणामों में दिखाई चमक

इंदौर. इंदौर शहर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है, जिसके परिणाम बुधवार को घोषित किए गए। इस वर्ष शहर के कई स्कूलों में उत्कृष्ट परिणाम देखने को मिले और बड़ी संख्या में छात्रों ने उच्च अंक प्राप्त किए. इस वर्ष इंदौर के लगभग 210 स्कूलों से करीब 12,000 छात्रों ने कक्षा 10वीं की सीबीएसई परीक्षा दी. परिणाम घोषित होने के बाद छात्रों ने अपने शिक्षकों, अभिभावकों और मित्रों के साथ खुशी मनाई, जिससे पूरे शहर में उत्साह का माहौल रहा.

**डेली कॉलेज के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन**-सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में डेली कॉलेज, इंदौर के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. इस वर्ष विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर संस्थान की अकादमिक उत्कृष्टता को आगे बढ़ाया है.इस वर्ष प्रियाम शर्मा और नेतिका चौधरी ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया. इसके बाद सरयू जयम ने 98.4 प्रतिशत और देविशा शाही ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया. प्रियाम शर्मा 99.4%, नेतिका चौधरी 99.4%, सरयू जयम 98.4%, देविशा शाही 98.2%, सृष्टि अग्रवाल 97.2%, कुशाग्र गुप्ता 97%, अर्नव मंत्री 97%, नव्या लाठ96.2%, राजवी चुघ96%, विधि रुचंदानी 95% और निपुण गौतम ने 95% अंक हासिल किए. विद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्थान के अनुशासित शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है. प्राचार्या डॉ. गुन्मीत बिंद्रा ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि समर्पण और निरंतर प्रयास का परिणाम है. उन्होंने यह भी कहा कि डेली कॉलेज का उद्देश्य विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए तैयार करना है।

### सेल्फ स्टडी के दम पर शर्लिन ने हासिल किए 93% अंक



छात्रा शर्लिन उपाध्याय ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक हासिल कर शानदार सफलता प्राप्त की है. एसडीपीएस इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा शर्लिन ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय नियमित सेल्फ स्टडी और अनुशासित दिनचर्या को दिया. शर्लिन ने बताया कि वह स्कूल से लौटने के बाद रोजाना घर पर पढ़ाई करती थी और सभी विषयों को संतुलित समय देती थी. हालांकि, गणित विषय पर उन्होंने विशेष ध्यान केंद्रित किया, जिससे उन्हें अच्छे अंक प्राप्त करने में मदद मिली. पढ़ाई के दौरान जब भी तनाव महसूस होता था, तो वह संगीत सुनकर खुद को तरोताजा करती थीं. शर्लिन की प्रारंभिक शिक्षा आलीराजपुर जिले के जोबट में एमपी बोर्ड से 8वीं तक हुई, इसके बाद उन्होंने इंदौर के एसडीपीएस इंटरनेशनल स्कूल में 9वीं कक्षा में प्रवेश लिया. नए बोर्ड में आने के बावजूद उन्होंने 9वीं कक्षा में भी शीर्ष स्थान प्राप्त किया. 10वीं में 93 प्रतिशत अंक हासिल कर उन्होंने अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया है

# दोनों संभागायुक्तों ने देखा मेट्रो पोलीटियन प्लान का रिव्यू

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. आज मेट्रो पालीटियन प्लान का दोनों संभागायुक्त और कलेक्टर ने रिव्यू देखा. अब मेट्रो पॉलीटियन प्लान बढ़ते-बढ़ते 16 हजार 8 सौ वर्ग किलोमीटर का हो गया है. पहले यह करीब 9 हजार वर्ग किलोमीटर का था. पहले चार जिले थे, लेकिन अब छह जिले इसमें शामिल हो गए हैं.**

मेट्रो पॉलीटियन प्लान का क्षेत्र बढ़ता ही जा रहा है. आज नए क्षेत्रों को शामिल करने एक बाद आज इंदौर उज्जैन संभाग के संभागायुक्त डॉ. सुदामा खाड़े एवं आशीष सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा ने रिव्यू देखा. आईडीए उक्त मेट्रो पॉलीटियन प्लान के नोडल एजेंसी है और मेहता एसोसिएट कंसल्टिंग एजेंसी है. आज दोनों संभागायुक्त आज शाम 4 बजे आईडीए कार्यालय पहुंचे. बोर्ड रूम में दोनों अधिकारियों और कलेक्टर ने मेट्रो पोलीटियन प्लान का रिव्यू 16 हजार 8 सौ वर्ग किलोमीटर में शामिल तहसील, नगर पालिका, जनपद पंचायत सहित जिलों की कितनी जमीन कैसे और कहां तक शामिल की गई हैं. इसका अधिकारियों ने मेहता एसोसिएट द्वारा तैयार की गई जानकारी ली और समझा की कैसे कहां तक सीमांकन और अन्य कार्यों के लिए जमीन अधिग्रहण और आरक्षण होगा. आईडीए के सूत्रों ने बताया कि नए क्षेत्र को शामिल करने और जमीन के स्थिति को लेकर आज रिव्यू था. अब 16 हजार 8 सौ वर्ग किलोमीटर का प्लान बनाकर भोपाल भेजा दिया है. भोपाल से मंजूरी होने पर गजट नोटिफिकेशन होगा. अभी सिर्फ इंदौर उज्जैन मेट्रो पालीटियन प्लान का गजट नोटिफिकेशन हुआ है.

**पहले चार जिले, अब छह जिले** -मेट्रो पालीटियन प्लान में पहले इंदौर, उज्जैन, धार और देवास ही शामिल थे, लेकिन अब रतलाम और शाजापुर जिले भी शामिल है. इस तरह 9 हजार वर्ग किलोमीटर से 16,800 वर्ग किलोमीटर का हो गया इंदौर उज्जैन मेट्रो पालीटियन प्लान का क्षेत्रफल.





### पहले 9 हजार वर्ग किलोमीटर का था मेट्रोपोलिटियन प्लान

इंदौर मेट्रोपोलिटियन प्लान में करीब 9 हजार वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र शामिल किया गया है. इसमें पांच जिलों के 1756 गांव, 32 तहसील और 22 नगर पालिका और परिषद शामिल थे. उक्त प्लान में इंदौर का 3901.6, उज्जैन 2740.0 ,देवास 2086.0 , धार 574 और शाजापुर का 33.3 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र शामिल किया गया है. इस प्रकार इंदौर मेट्रोपोलिटियन प्लान 9336 .6 वर्ग किलोमीटर एरिया में होगा. अब रतलाम और शाजापुर की करीब 10 तहसील और शामिल की गई है. कुल 16,800 सौ वर्ग किलोमीटर क्षेत्र शामिल हो गया है.



# सरदार पूर्णसिंह की कृतियां साहित्य की धरोहर

**इदौर.** श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति के नियमित कालजयी साहित्यकार स्मरण श्रृंखला में सरदार पूर्णसिंह के साहित्य एवं कृतित्व पर साहित्यकारों ने अपने विचार व्यक्त किये और उन्हें हिन्दी का मूर्धन्य साहित्यकार बताया.

कार्यक्रम का संचालन कर रही सांहित्य मंत्री एवं संस्कृति डॉ. पद्मा सिंह ने कहा कि सरदार पूर्णसिंह हिन्दी के अप्रतिम साहित्यकार हुए जिनकी कृतियां साहित्य की धरोहर है इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. सत्यनारायण जटिया विशेष रुप से उपस्थित थे, जिन्होंने समिति द्वारा किये जा रहे कार्यक्रमों की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं अपनी एक प्रसिद्ध रचना का पाठ भी किया. श्री जटिया का स्वागत समिति के प्रधानमंत्री अरविन्द जवलेकर ने किया. दूसरे सत्र में उपस्थित साहित्यकारों ने विविध विषयों पर रचना पाठ किया. इस अवसर पर डॉ. अखिलेश राव, घनश्याम यादव, डॉ. अर्पण जैन, उमेश पारेख, अनिल ओझा आदि काफी संख्या में साहित्यकार उपस्थित थे.



# भगवान श्री गणेशजी के दरबार में निमंत्रण

**इंदौर.** अखिल भारतीय ज्योतिष वास्तु संगठन, अंतर्राष्ट्रीय श्री रामसेना एवं आलोक ज्योतिष वास्तु शोध केंद्र के तत्वावधान में 29 अप्रैल को राष्ट्रीय स्तर पर श्री पाटनवाले गुरुजी की स्मृति में ज्योतिष महा महोत्सव एवं अलंकरण समारोह आयोजित किया जा रहा है.

ज्योतिषाचार्य एम के जैन ने बताया कि देश भर से लगभग 350 विद्वानों ने नि:शुल्क पंजीयन कराया है. इस कार्यक्रम की विशेषता है कि इसमें रजिस्ट्रेशन निशुल्क किया गया है और आगंतुक विद्वान शहर की जनता के लिए नि:शुल्क परामर्श प्रदान करेंगे. यह आयोजन राजमोहल्ला स्थित महेशनगर के माहेश्वरी धर्मशाला में प्रात: 10 बजे आयोजित किया जाएगा. खजराना गणेश मंदिर में आमंत्रण पत्र आयोजन समिति द्वारा अर्पित किए गए. इसमें विशेष रूप से प्रेमानंद महाराज, पं. संजय शर्मा, पं. बलराम यादव, पं. पंकज शर्मा, श्रीराम पांचाल, ज्योति सिंगोड़, अष्टांगिनीदेवी, सोनिया सोनी आदि उपस्थित थे.

# ओमेक्स ग्रुप को मिली इंटीग्रेटेड टाउनशिप विकसित करने की मंजूरी

*प्रदेश की पहली टाउनशिप होगी*

इंदौर. मध्य प्रदेश सरकार ने व्यवस्थित शहरी विकास को नई दिशा देने के लिए 'मध्य प्रदेश एकीकृत टाउनशिप नीति, 2026 के तहत डायरेक्टरेट टाऊन एंड कंट्री प्लानिंग भोपाल ने मध्यप्रदेश में ओमेक्स ग्रुप इंदौर को प्रथम ऐसी बड़ी आत्मनिर्भर टाउनशिप (इंटीग्रेटेड) जो सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिहाज से शहर के अंदर एक आधुनिक शहर की सभी बुनियादी जरूरतों को पूरा कर सके, को विकसित करने के लिए 13 अप्रैल को सरकारी मंजूरी प्रदान कर दी है. पिछले 20 सालों से ग्राहकों के अटूट विश्वास ने आज ओमेक्स ग्रुप को इस मुकाम पर पहुंचाया कि मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश की पहली इंटीग्रेटेड टाउनशिप इंदौर के सुपर कॉरिडोर पर 600 एकड़ के विशाल क्षेत्र में विकसित करने के लिए मंजूरी प्रदान की है.

वह दौर अब पुराना हो चुका है जब अच्छे स्कूल, अस्पताल या सुपरमार्केट जाने के लिए 5 से 10 किलोमीटर का सफ़र तय करना पड़ता था. ओमेक्स की इस टाउनशिप को 'सिटी विदइन अ सिटी' की तर्ज पर डिज़ाइन किया गया है. यहाँ रहने वाले परिवारों के लिए नामी स्कूल, मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल और मनोरंजन के केंद्र टाउनशिप में ही महज़ कुछ कदमों की दूरी पर उपलब्ध हैं. 600 एकड़ में फैली ओमेक्स ग्रुप की इस आधुनिक इंटीग्रेटेड टाउनशिप के साथ इंदौर शहर के विकास और रियल एस्टेट डेवलपमेंट के इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है. पिछले 20 सालों में ओमेक्स ग्रुप ने इंदौर, उज्जैन और रतलाम में अपनी व्यवसायिक ईमानदारी, कार्यक्षमता, गुणवत्ता और ग्राहकों के अटूट विश्वास पर 100 फीसदी खरा उतरा है. उसे देखते और परखते हुए मध्यप्रदेश सरकार ने ओमेक्स ग्रुप को यह गौरवपूर्ण अवसर प्रदान किया है. ओमेक्स ग्रुप के इंटीग्रेटेड टाउनशिप यह प्रोजेक्ट न केवल इंदौर के बुनियादी ढांचे को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, बल्कि आत्मनिर्भर टाउनशिप के निर्माण की दिशा में एक मिसाल भी पेश करेगा. जहाँ आवास, रोजगार और मनोरंजन की सभी आधुनिक सुविधाएँ एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी.

### आर्थिक, सामाजिक विकास का आधार बनेगा



इंटीग्रेटेड टाउनशिप के ओमेक्स ग्रुप मध्यप्रदेश के बिज़नेस हेड एवं प्रेसिडेंट विनीत शर्मा ने बताया कि सुपर कॉरिडोर पर ओमेक्स ग्रुप का यह इंदौर शहर में चौथा मेगा इंटीग्रेटेड टाउनशिप प्रोजेक्ट 450 एकड़ में आकार लेने जा रहा है. ओमेक्स ग्रुप पूरे भारत में विशाल इंटीग्रेटेड टाउनशिप के लिए जाना जाता हैं. उसी पहचान और ख्याति के अनुरूप इंदौर को एक ऐसा टाउनशिप प्रोजेक्ट देने जा रहे है, जो न केवल आधुनिक जीवनशैली का प्रतीक होगा बल्कि आने वाले समय में शहर के आर्थिक और सामाजिक विकास का आधार भी बनेगा, इंदौर का सुपर कॉरिडोर क्षेत्र जो पहले ही एयरपोर्ट, आईटी कंपनियों और मेट्रो कनेक्टिविटी के कारण तेजी से उभर रहा है, अब इस मेगा टाउनशिप के साथ एक नई पहचान पाएगा. विशेषज्ञों का मानना है कि ओमेक्स की यह 450 एकड़ की परियोजना न केवल इंदौर को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी बल्कि हजारों युवाओं के लिए रोजगार और व्यवसायिक अवसर भी सृजित करेगी.

# बिना सड़क बनाए कर दिया भुगतान!


▶ फिर उसी सड़क के निकाले टेंडर!

▶ नेता प्रतिपक्ष ने फिर खोला नगर निगम का सड़क घोटाला

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. नगर निगम में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष ने एक बार फिर सड़क घोटाला उजागर किया है. इस बार मामला बहुत गंभीर होकर एक ही सड़क का बिना बनाए भुगतान और फिर उसी सड़क को बनाने का नगर निगम द्वाराटेंडर निकाला गया है.**

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने आज निगम के बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा किया है. इसमें वार्ड 12 के यादवानंद नगर गली नंबर 2 की सड़क, जो बनाई ही नहीं गई, उसका निगम द्वारा भुगतान कर दिया गया. उक्त सड़क का टेंडर और वर्क ऑर्डर प्रेम परमार वाली गली के नाम से 2023 में जारी किया गया था. उक्त सड़क का ठेका निगम ने 22 लाख रुपए में दिया था. ठेकेदार को नगर निगम ने 12 लाख का भुगतान भी कर दिया गया है. खुलासे में सबसे ज्यादा आश्चर्य जनक बात यह है कि उसी सड़क को बनाने के लिए फिर फाइल बनाई गई है. साथ ही उसी गली के निवासी रामकिशोर के घर से पूनम साहू के घर तक फिर से बनाने के टेंडर जारी किए गए हैं. टेंडर में निर्माण राशि फिर से 22 लाख ही रखी गई है.



### बहस करने से भागते हैं

उक्त सड़क घोटाले पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा परिषद द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है. भ्रष्टाचार पर परिषद के बैठक में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दे लाकर शहर हित के मुद्दों पर बहस करने से भागते है.

एक नजर में ▶ व्यक्तित्व विकास शिविर का शुभारंभ

# खेल हमें जीवन में भी सिखाते हैं हार जीत

**इंदौर.** यह है हमारी शिक्षा का अद्वितीय भाग, नैतिकता और अनुशासन के प्रतीक, खेल हमें बनाते है सच्चे नागरिक, खुद को हम बनाते है सुरम्य शान, खेल हमारी खुशियों का कारवां, खेल जगाता है हर दिल में उमंग. कुल मिलाकर खेल हमें जीवन में भी हार जीत सिखाते हैं

इन्हीं बातों को सार्थक करने के लिए गुरु हर कृष्ण पब्लिक स्कूल में व्यक्तित्व विकास शिविर का शुभारंभ स्वयं छात्रों ने नन्हे-नन्हे हाथों से दीप जला कर किया गया. इस अवसर पर प्राचार्या रीना दुग्गल ने छात्रों को संबोधित करते हुवे खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला. इस शिविर में योगा, गतका, क्रिकेट, बैडमेंटन, नृत्य,आर्ट और चित्रकला एवं संगीत जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है,जिसमें विद्यार्थी बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे है. इस अवसर पर डायरेक्टर रतनजीत सिंह शैरी भी उपस्थित थे. संयोजक सनमीत कौर जोली ने आभार व्यक्त किया.

